मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-265
29/05/2025

# मुख्यमंत्री ने जे0पी0 गंगापथ पर किए जा रहे सौंदर्यीकरण कार्य, गायघाट में जे0पी0 गंगापथ से सटे नदी की ओर डाउन रैंप के निर्माण कार्य तथा निर्माणाधीन कच्ची दरगाह–बिदुपुर 6 लेन पुल का किया निरीक्षण, निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करने का दिया निर्देश

पटना, 29 मई, 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज जे0पी0 गंगापथ पर कराए जा रहे लैंड स्केपिंग, पौधा रोपण एवं सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पौधारोपण होने से यह क्षेत्र हरा–भरा दिखेगा। जे0पी0 गंगापथ एक अद्‌भुत परियोजना है जिसका सौंदर्यीकरण भी बेहतर ढंग से कराएं। इस पथ पर लोगों के लिए सड़क सुरक्षा और निर्बाध आवागमन दोनों जरूरी है।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री गायघाट पहुंचे। गायघाट में जे0पी0 गंगापथ से सटे नदी की ओर डाउन रैंप के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। जे0पी0 गंगापथ पर वाहनों के सुगम आवागमन तथा सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए गायघाट में नदी की ओर डाउन रैंप का निर्माण किया जा रहा है। जे0पी0 गंगा पथ परियोजना में अभी गायघाट में वाहनों के उतरने हेतु यू0–टर्न की व्यवस्था है, इस डाउन रैंप के निर्माण से यू0–टर्न की व्यवस्था खत्म हो जायेगी। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इस डाउन रैंप का निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण कराएं ताकि लोगों को गायघाट में जे0पी0 गंगापथ से सीधा और सुरक्षित संपर्कता का लाभ मिले। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी सेतु और उसके बगल में बनाए जानेवाले नये फोरलेन पुल से भी जे0पी0 गंगापथ को जोड़कर संपर्कता बहाल करने के लिए कार्य करें। इस पर अभियंता अध्ययन कर बेहतर ढंग से कार्य कराएं।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन कच्ची दरगाह–बिदुपुर 6 लेन पुल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इसका निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि जे0पी0 गंगापथ परियोजना को दीदारगंज तक पूरा कर लिया गया है। जे0पी0 गंगापथ की तरफ से आने–जानेवाले वाहनों को कच्ची दरगाह बिदुपुर 6 लेन पुल से सीधी संपर्कता बहाल करने के लिए बचे हुये काम को तेजी से पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि कच्ची दरगाह–बिदुपुर 6 लेन पुल के निर्माण कार्य पूर्ण होने से उत्तर बिहार और दक्षिण बिहार के बीच आवागमन और सुलभ होगा। पटना शहर में लगनेवाले जाम से भी लोगों को राहत मिलेगी। इस पुल के निर्माण से पटना शहर के बाहर से ही लोग उत्तर बिहार के विभिन्न जगहों पर आसानी के साथ आवागमन कर सकेंगे। पटना के पूर्वी क्षेत्र के लोगों को भी सुगम यातायात का लाभ मिलेगा।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, विकास आयुक्त श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, पथ निर्माण विभाग के सचिव श्री संदीप पुदुकल कट्टी, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पटना के जिलाधिकारी डॉ0 चंद्रशेखर सिंह, वरीय अधिकारीगण एवं अभियंतागण उपस्थित थे।

******